2026

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam

HINDI

(Major)

Paper : HIN4400204MJ

(भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) ''तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि'' —यह काव्य लक्षण किसका है?

(ख) वीभत्स रस का स्थायी भाव क्या है?

(ग) ''काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते'' —यह किसकी उक्ति है?

(घ) 'ध्वन्यालोक' के रचयिता कौन हैं?

(ङ) 'अभिव्यंजनावाद' के प्रवर्तक कौन थे?

(च) विलियम वड्र्सवर्थ के काव्य-रचना संबंधी विचार किस ग्रंथ में सन्निहित हैं?

(छ) टी० एस० इलियट की सबसे प्रसिद्ध रचनाएँ क्या हैं?

(ज) 'स्वच्छंदतावाद' का अंग्रेजी नाम क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) स्थायी भाव और संचारी भाव में प्रमुख अंतर क्या है?

(ख) 'रसो वै सः' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) अलंकार सम्प्रदाय को आचार्य भामह के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(घ) आचार्य आनंदवर्धन ध्वनि-काव्य के कितने भेद मानते हैं और वे क्या-क्या हैं?

(ङ) वक्रोक्ति सिद्धांत के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं? उनके द्वारा लिखित वक्रोक्ति संबंधी ग्रंथ का नाम लिखिए।

(च) अरस्तू की किन्हीं दो कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) क्रोचे के दार्शनिक चिन्तन का मूल तत्त्व क्या है?

(ज) टी० एस० इलियट के दो समीक्षात्मक सिद्धांतों के नाम लिखिए।

(झ) 'यथार्थवाद' की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ञ) प्रतीकवाद का शाब्दिक अर्थ स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) काव्य-हेतु से आप क्या समझते हैं? प्रमुख काव्य-हेतु पर प्रकाश डालिए।

(ख) काव्य के प्रमुख भेद क्या-क्या हैं? संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) 'साधारणीकरण' से आप क्या समझते हैं? साधारणीकरण सिद्धांत की प्राचीन व्याख्याओं को स्पष्ट कीजिए।

(घ) गुणीभूत व्यंग्य काव्य का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) प्लेटो के काव्य-सृजन के देवी-प्रेरणा सिद्धांत से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(च) विलियम वड्र्सवर्थ के काव्य-भाषा सिद्धांत की विशेषताओं को उजागर कीजिए।

(छ) टी० एस० इलियट का निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत क्या है? संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ज) 'स्वच्छन्दतावाद' की परिभाषा देते हुए कोई प्रमुख चार विशेषताएँ लिखिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Nagaon · Assam * Acc. No. Date

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) काव्य-प्रयोजन पर आचार्य मम्मट के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) रस को परिभाषित करते हुए काव्य में रस की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

(ग) अलंकार की परिभाषा देते हुए निम्नलिखित में से किन्हीं दो अलंकारों का उदाहरण एवं संघटना सहित परिचय दीजिए :

अनुप्रास ; उपमा ; उत्प्रेक्षा ; यमक।

(घ) अरस्तू के विरेचन सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

(ङ) अस्तित्ववाद के स्वरूप एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

★★★

